इन्वेस्टीचर सेरेमनी | विधायक अशोक रोहाणी ने छात्र परिषद को सौंपे दायित्व

महर्षि विद्या मंदिर में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण

नवभारत, जबलपुर। महर्षि शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में महर्षि विद्या मंदिर, नेपियर टाउन में छात्रों में नेतृत्व की भावना जगाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह उत्साह से संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैंट विधायक अशोक रोहाणी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद नवनिर्वाचित स्कूल कैप्टन, स्कूल वाइस कैप्टन, हेड बॉय, हेड गर्ल और पूरी स्टूडेंट काउंसिल को बैज व पदचिह्न देकर उनके दायित्व सौंपे गए।

वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में मिला आशीर्वाद

कार्यक्रम में एम.के.एच. की प्रभारी प्राचार्य अनामिका भट्टाचार्य और प्रशासनिक अधिकारी राहुल कुमार जैन सहित सभी शिक्षक, स्टाफ और अभिभावक मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अल्पना श्रीवास्तव और सताक्षी सोनी ने किया। इस दौरान पूरे स्कूल परिवार में भारी उत्साह का माहौल रहा। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों ने मार्च पास्ट किया और अनुशासन की सुंदर मिसाल पेश की। उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय की इस गरिमापूर्ण व्यवस्था की सराहना की। इस खास पल को यादगार बनाने के लिए विद्यार्थियों ने समूह चित्र खिंचवाए और सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर अपनी खुशियां साझा कीं।

प्रशासनिक अधिकारी ने जताया आभार

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राहुल कुमार जैन द्वारा वोट ऑफ थैंक्स प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकगण, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए समारोह की सफलता में सभी के सहयोग एवं सहभागिता के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की।

अशोक रोहाणी ने पहनाए छात्रों को बैज

इस मौके पर अशोक रोहाणी ने छात्रों को बैज पहनाए और अपने संबोधन में नेतृत्व, अनुशासन व सेवा भावना का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व अधिकार का नहीं बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक है और सच्चा नेता वही है जो ईमानदारी से कर्तव्य निभाए। इसके बाद प्राचार्य निलेश कुमार पांडे ने छात्र परिषद को बधाई देते हुए कहा कि यह पद जिम्मेदारी और आदर्श प्रस्तुत करने का अवसर है। उन्होंने छात्रों को स्कूल की परंपराओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

मंचीय कलाकारों ने साझा किए अपने विचार और प्रस्ताव

नवभारत, जबलपुर। मंचीय कलाकार वेलफेयर एसोसिएशन, मध्य प्रदेश कलाकार संगठन की प्रादेशिक बैठक ग्वारीघाट तिराहा के पास अमृतसरी नान होटल में कलाकारों की भारी उपस्थिति में हुई। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रदेश अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा एवं प्रदेश संरक्षक कृष्णा नायडू द्वारा मां सरस्वती का पूजन व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया है।

इसके पश्चात एसोसिएशन के सदस्यों ने मिलकर सरस्वती वंदना और प्रार्थना गीत गाया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रमन पटेल, ब्रिजेश सेन एवं मुकुल वर्मा ने उपस्थित कलाकारों का स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान महासचिव अनिल प्रजापति ने 25 जुलाई को होने वाले स्थापना दिवस की जानकारी दी कि इस वर्ष विभिन्न जिलों के सदस्यों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में कलाकारों ने अपने विचार साझा किए और आपातकालीन कोष की आवश्यकता पर भी विचार किया गया।

कलाकारों के हित में लिए गए कई फैसले

बैठक में आईडी कार्ड के नवीनीकरण पर विचार करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया जो पास हो गया। इसके साथ ही 25 जुलाई स्थापना दिवस पर विविध आयोजनों के प्रस्ताव को कार्य समिति से पास कराकर कार्यक्रम आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कोषाध्यक्ष माला यादव ने सभी प्रस्तावों पर अपनी अंतिम मोहर लगाई। कार्यालय प्रभारी प्रियंका ठाकुर की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश सेन ने किया। बैठक में शशिकांत, योगेश विश्वकर्मा, जवाहर बर्मन, हरीश भारती, सुषमा केसरवानी, सुमन पटेल, करनवीर सिंह, माया विश्वे, अश्वनी दुबे, नीरज जैन, सुनीता, अविनाश झंकार, सुनीता ठाकुर, संजना बैरागी, उमा ठाकुर, रेखा रघुवंशी, चंद्रभान पटेल, आदर्श पटेल, अरविंद पटेल सहित प्रदेश के कई जिलों से सदस्य उपस्थित हुए।

एक नजर में

150 दिव्यांग बच्चों को निरामय कार्ड का वितरण

नवभारत, जबलपुर। विकलांग सेवा भारती स्नेह नगर और चेतना के 150 दिव्यांग बच्चों को निरामय स्वास्थ्य बीमा कार्ड दिए गए। विधायक डॉ. अभिलाष पांडे की मौजूदगी में हुए इस कार्यक्रम में प्राचार्य राकेश शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की यह योजना एक लाख रुपये तक का सालाना इलाज खर्च देती है। इसमें ओपीडी, पैथोलॉजी, थेरेपी, अस्पताल में भर्ती होने और सुधारात्मक सर्जरी का खर्च शामिल है। उन्होंने बताया कि संस्था के बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं और अब यहाँ के शिक्षक पुष्पेंद्र कुशवाहा का अंतरराष्ट्रीय कोच के रूप में चयन हुआ है। कार्यक्रम का संचालन बबीता शिवहरे ने किया और आभार अध्यक्ष दीपक संघी ने जताया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उमाकांत मालवीय, दीपांकर बैनर्जी, सचिन प्रजापति और पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

शहीद स्मारक में गूंजे सदाबहार तराने कलाकारों ने बांधा समां

नवभारत, जबलपुर। सुर-संगम संगीत एकेडमी के तत्वावधान में शहीद स्मारक, गोलबाज़ार में संगीतमय कार्यक्रम 'सदाबहार तराने - कुछ नए, कुछ पुराने' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम एकेडमी के संचालक रमेश पुरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में चला। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद नन्हे कलाकारों ने 'तुम आशा विश्वास हमारे' गीत गाया और ताल विभाग के छात्रों ने परिवेश चौधरी के मार्गदर्शन में 'ताल कचहरी' पेश की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में रामअवतार कुशवाहा और सविता शर्मा ने 'ये रातें ये मौसम नदी का किनारा' गीत से शुरुआत की। इसके बाद कलाकारों ने नए-पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति से माहौल संगीमतय कर दिया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मौजूद शहर के संगीत प्रेमियों और वरिष्ठ नागरिकों ने संगीत संस्कृति के संरक्षण के लिए एकेडमी के प्रयासों को सराहा और ऐसे आयोजनों को जरूरी बताया। अंत में एकेडमी संचालक रमेश पुरी गोस्वामी की ओर से सभी कलाकारों को स्मृति चिह्न दिए गए और मेहमानों, मीडिया प्रतिनिधियों व श्रोताओं का आभार जताया गया। साथ ही आयोजकों ने भविष्य में भी संगीत प्रेमियों को ऐसा मजबूत मंच देने का संकल्प लिया।

पीजी डिप्लोमा गाइडेंस एंड काउंसिलिंग की सभी सीटें भरीं, बढ़ती मांग पर 30 सीटें और बढ़ाई गईं

नवभारत,जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कौशल विकास संस्थान द्वारा संचालित एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग पाठ्यक्रम की निर्धारित 30 सीटें तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया में पूरी तरह भर गई हैं। वहीं 40 से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रहित में 30 अतिरिक्त सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया है। कौशल विकास संस्थान के निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि छात्रों के लगातार बढ़ते रुझान को देखते हुए सीटों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया था। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से इस पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों की रुचि लगातार बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए किसी भी इच्छुक छात्र-छात्रा को प्रवेश से वंचित न रहना पड़े, इसलिए 30 अतिरिक्त सीटें स्वीकृत की गई हैं।

तेजी से बढ़ रही है संभावनाएं-कैरियर मार्गदर्शन एवं परामर्श संचालन समिति की संयोजक एवं मनोवैज्ञानिक डॉ. मीनल दुबे ने बताया कि गाइडेंस एवं काउंसलिंग के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। संस्थान में विद्यार्थियों को वर्षभर व्यावहारिक प्रशिक्षण और काउंसलिंग कौशल का अभ्यास कराया जाता है, जिससे उन्हें बेहतर करियर अवसर प्राप्त होते हैं। विश्वविद्यालय चलो अभियान के संयोजक एवं कौशल विकास संस्थान के डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि यह पाठ्यक्रम सीबीसीएस पद्धति के तहत संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रायोगिक प्रशिक्षण और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं कौशल का विकास किया जाता है। यही कारण है कि इस पाठ्यक्रम के प्रति छात्रों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है।

विश्व जूनोसिस दिवस पर पशुओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

नवभारत, जबलपुर। विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा कल 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, साउथ सिविल लाइंस में एक दिवसीय नि:शुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन और अधिष्ठाता डॉ. राखी वैश के निर्देशन में होने वाले इस शिविर में पशुपालकों और श्वान पालकों को नि:शुल्क रेबीज टीकाकरण, गर्भ परीक्षण, नेत्र परीक्षण तथा एलर्जी परीक्षण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं दी जाएंगी। शिविर के संयोजक डॉ. अपरा शाही व डॉ. रणवीर सिंह जाटव और सह-संयोजक डॉ. बृजेश सिंह हैं। अधिष्ठाता डॉ. राखी वैश ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर इस नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाएं।

एपीएन स्कूल में छात्रों को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर

नवभारत, जबलपुर। एपीएन हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर क्राइम से संबंधित जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को इसके नुकसान से बचने के लिए संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में साइबर विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता केंट सीएसपी उदयभान सिंह बागरी ने छात्रों को साइबर ठगी के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हैकर्स फर्जी वेबसाइटों के जरिए आम लोगों का पर्सनल डेटा इकट्ठा करते हैं। इसके बाद वे मोबाइल पर ओटीपी या अनजान लिंक भेजकर उस पर क्लिक करवाते हैं। ऐसा करते ही पीड़ितों के बैंक खाते से पैसे निकल जाते हैं और वह ठगी के शिकार हो जाते है। उन्होंने छात्रों को सतर्क किया कि इस नुकसान से बचने के लिए कभी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी को अपना ओटीपी न बताएं।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी जानकारी

इस दौरान स्कूल के छात्रों ने एक नुक्कड़ नाटक भी किया, जिसके जरिए उन्होंने साइबर अपराध से सुरक्षित रहने के तरीके आसान भाषा में समझाए। वहाँ मौजूद सभी शिक्षकों और स्टाफ ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा पाण्डे ने किया और आभार प्रदर्शन मनु श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंट टीआई पुष्पेंद्र पटले, एसआई जागेश्वरी गौड, पूजा तिवारी, मनु श्रीवास्तव और सिद्दिका उस्मानी सहित स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा

नवभारत, जबलपुर। संस्कारधानी के 500 वर्ष पुराने जगदीश मंदिर से आषाढ़ माह की द्वितीया तिथि को जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर भगवान जगन्नाथ स्वामी, भैया बलभद्र और मैया सुभद्रा की 259वीं रथ यात्रा 16 जुलाई को निकाली जाएगी। श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास के तत्वावधान में होने वाली इस यात्रा के पत्रक का पूजन वैदिक मंत्रों के साथ विधि-विधान से किया गया। राइट टाउन प्रेम मंदिर के वरिष्ठ पुजारी पं. रामकृष्ण पाठक और जगदीश मंदिर के पं. देवेंद्र त्रिपाठी के सानिध्य में यह पूजन हुआ।

श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी एड. लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि गढ़ाफाटक स्थित जगदीश मंदिर संस्कारधानी का हृदय स्थल है, जहाँ समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता है। यह वार्षिक उत्सव रथ यात्रा के रूप में पूरे नगर को भक्ति रस में डुबो देता है। इसमें चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जबालीपुरम की अगुवाई में संस्कारधानी के गणमान्य संत, महंत और समस्त सनातनी भक्तजन भाव-विभोर होकर बड़ी संख्या में सम्मिलित होते हैं।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रबंध न्यासी एड. लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल, प्रबंधक मोहित तिवारी, लाल अच्युतेंद्र सिंह बघेल, संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे, देवेंद्र नेमा, अतुल कुमार पटेल, मोहित पटेल, राकेश उपाध्याय, डी. के. दुबे, विशाल पंड्या, एड. शिखा सिंह बघेल, एड. सुजीत सिंह रघुवंशी, एड. दीपक विश्वकर्मा, नरेंद्र गौतम, मधुकर राव और सुनील गुप्ता उपस्थित रहे।

शेष तकनीकी कर्मचारियों को शीघ्र पदोन्नति देने की मांग

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ ने विद्युत मंडल कैडर के शेष तकनीकी कर्मचारियों को शीघ्र पदोन्नति प्रदान की मांग की है। इस मौके पर प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उनके संगठन ने वर्ष 2000 से लगातार तकनीकी कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए अनेक ज्ञापन सौंपे और सैकड़ों पत्र लिखे। उन्होंने बताया कि वर्ष 1988 से तकनीकी कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं हुई है। अब वर्ष 2026 में पदोन्नति की जा रही है जब 38 वर्ष बाद विद्युत मंडल के केवल 10 प्रतिशत नियमित तकनीकी कर्मचारी ही बचे हैं। इसके कारण 90 प्रतिशत कर्मचारी बगैर पदोन्नति के ही सेवानिवृत हो चुके हैं। इस मांग को आगे बढ़ाने वालों में संघ के शंभू नाथ सिंह, राम केवल यादव, असलम खान, बी. पी. सिंह, वैदेही शरण, मोहन दुबे, दशरथ शर्मा, शशि उपाध्याय, अजय कश्यप, राजकुमार सैनी, विनोद दास, लखन सिंह राजपूत और इंद्रपाल सिंह शामिल हैं।

लोक निर्माण मंत्री आज करेंगे भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित

नवभारत, जबलपुर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में 23 जून से 6 जुलाई तक होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा आज 5 जुलाई को सुबह 11 बजे से भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि जबलपुर महानगर द्वारा किए जा रहे इस कार्यकर्ता सम्मेलन को मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल और सोनू बचवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने सभी कार्यकर्ताओं से इस सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

दादा मियां का 129वां सालाना दो दिवसीय उर्स शुरू

नवभारत, जबलपुर। हजरत दादा मियाँ का 129वाँ सालाना दो दिवसीय उर्स 4 जुलाई को शुरू हुआ। इस मौके पर सुबह 8:30 बजे मस्जिद सुलेमानी में कुरान खानी के बाद लंगर हुआ और शाम 5:30 बजे खानकाह सुलेमानी से बड़ी शान-शौकत के साथ चादर संदल जुलूस निकला। यह जुलूस दिलबर मियां के पास, मोती नाला बरिया तले पुल, मोती नाला अस्पताल के सामने और मंडी मदार टेकरी मस्जिद के पीछे से होते हुए मंडी कब्रिस्तान दरगाह पहुँचा, जहाँ मजार शरीफ पर

चादर पोशी और गुलपोशी की गई। इसके बाद मगरिब की नमाज और कुरान खानी के बाद तबर्रुक बँटा तथा रात 10 बजे मस्जिद सुलेमानिया खानका शरीफ पर महफिले समा में स्थानीय कव्वालों ने कलाम पेश किया। इस पूरे प्रोग्राम की देखरेख हजरत मौलवी सैयद आमिर हसन, हजरत सैयद जहूरुल हसन और जोबट वाले दादा मियां हजरत सैयद महमूदुल हसन की निगरानी में की गई, जिसमें पूरे महाकौशल और मध्य प्रदेश से अकीदतमंद शामिल हुए। आज 5 जुलाई को दरगाह शरीफ पर चादर और गुलाब के फूल पेश किए जाएँगे, सिजरा शरीफ होगा और फातिया कुल किया जाएगा, जिसमें पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी ने सभी से पहुँचने की अपील की है।

परेशानी | बिलिंग व्यवस्था ठप, अंधेरे के कारण ग्राहक लौट रहे

व्यावसायिक क्षेत्र में बार-बार बिजली गुल होने से व्यापारी परेशान

फाईल फोटो

नवभारत, जबलपुर। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र राजीव गांधी चौक नौदरा ब्रिज में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बिजली कटौती व्यापारियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली चले जाने से दुकानों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि बिजली गुल होते ही कंप्यूटर आधारित बिलिंग सिस्टम बंद हो जाता है, जिससे ग्राहकों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है और कई बार उन्हें बिना खरीदारी किए लौटना पड़ता है।व्यापारियों के अनुसार शाम के समय बिजली कटने से बाजार में अंधेरा छा जाता है, जिससे ग्राहकों की आवाजाही भी कम हो जाती है। इलेक्ट्रॉनिक भुगतान, बिलिंग और अन्य आवश्यक कार्य बाधित होने से कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है।

ब्रेकडाउन होने से बढ़ी परेशानी

दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। स्थानीय व्यापारियों ने मांग की है कि राजीव गांधी चौक क्षेत्र में बार-बार होने वाली बिजली कटौती की समस्या का जल्द निराकरण किया जाए, ताकि बाजार की गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें और व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी राहत मिल सके। बिजली वितरण कंपनी समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में ब्रेकडाउन और आपूर्ति बाधित होने की जानकारी जारी करती है।

इनका कहना है

शाम के समय बिजली कटने से दुकान में अंधेरा हो जाता है, जिससे ग्राहक वापस लौट जाते हैं।

कुणाल बावरिया
दुकानदार

कर्मचारी संघ ने की ई-अटेंडेंस आदेश में संशोधन की मांग

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने ई-अटेंडेंस के कारण शिक्षकों की वेतन कटौती वाले आदेश का पुरजोर विरोध करते हुए इसमें तुरंत संशोधन करने की मांग की है। यह आदेश आयुक्त लोक शिक्षण मध्य प्रदेश अभिषेक सिंह द्वारा जून 2026 में जारी किया गया था, जिसके तहत एजुकेशन पोर्टल 3 .0 पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज न होने पर कर्मचारियों को अनुपस्थित मानकर उनका वेतन काटने का नियम बनाया गया है। इस आदेश के अनुसार जिला व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों, हाई स्कूल व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों और समस्त अमले को ई-अटेंडेंस लगाना अनिवार्य है और प्राचार्यों को इसी आधार पर वेतन देयक तैयार कर आगे भेजने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षकों के शोषण पर जताया आक्रोश

संघ का कहना है कि जब शिक्षकों के खाते में आकस्मिक, अर्जित या चिकित्सा अवकाश जमा हैं, तो उन्हें अनुपस्थित मानकर वेतन न काटा जाए। आवेदन समय पर स्वीकृत न होने का दंड कर्मचारियों को देने के बजाय उन्हें अवकाश का लाभ मिलना चाहिए। इस नियम से शिक्षकों में भारी असंतोष है और इसे ई-अटेंडेंस के नाम पर शोषण बताया जा रहा है। इस मांग को लेकर आगे आने वालों में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, सतीश उपाध्याय, राजेश चतुर्वेदी मनोहर रजक, अर्जुन सोमवंशी, मनीष लोहिया, सुशील गुप्ता, विनय नामदेव और अरुण पटेल शामिल हैं।